हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला-176215

क्रमांकःहि०शि०बो०(8)भण्डार-II/2026-2883 दिनांकः 04-06-2026

सार्वजनिक नीलामी सूचना

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बोर्ड कार्यालय परिसर में अनुपयोगी लोहे के स्क्रैप जैसे लोहे के टेबल,अलमारी,रिवोलविंग चेयरज, टीन की चादरें एवं अन्य टूटे-फूटे सामान की खुली बोली द्वारा नीलामी की जानी प्रस्तावित है। स्क्रैप की नीलामी दिनांक 30-06-2026 को 12.00 बजे दोपहर में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड परिसर, में की जानी है। नीलाम किये जाने वाले स्क्रैप का विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:-

क्रमांक	सामग्री	अनुमानित भार
1	लोहे के टेबल (स्क्रैप)	1200 किलोग्राम
2	अलमारी,रिवोलविंग चेयरज (स्क्रैप)	300 किलोग्राम
3	स्टील चादरें	800 किलोग्राम
4	टूट-फूट स्क्रैप	200 किलोग्राम
5	टायर स्क्रैप	500 किलोग्राम
6	ट्रंक (टीन स्क्रैप)	100 किलोग्राम

नीलामी की शर्तें

1. नीलामी "जैसी है जहाँ है" के आधार पर होगी।
2. प्रत्येक बोलीदाता को ₹5000/- धरोहर राशि जमा करवानी होगी।
3. असफल बोलीदाताओं की धरोहर राशि नीलामी पूर्ण होने पर वापस कर दी जाएगी।
4. लगातार तीन बार घोषणा के बाद सर्वोच्च बोली अंतिम मानी जाएगी।
5. सफल बोलीदाता को कुल राशि का 25% तुरंत जमा करवाना होगा तथा शेष राशि 3 दिनों के भीतर जमा करनी होगी।
6. स्क्रैप की तुलाई, लोडिंग एवं परिवहन का खर्च सफल बोलीदाता को स्वयं वहन करना होगा।
7. इच्छुक व्यक्ति कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक स्क्रैप का निरीक्षण कर सकते हैं।
8. यदि सफल बोलीदाता निर्धारित समय सीमा में राशि जमा नहीं करवाता, तो उसकी जमा राशि ज़ब्त कर ली जायेगी।
9. बोलीदाता को पहचान पत्र, जीएसटी नंबर एवं पैन कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. किसी विवाद की स्थिति में अंतिम अधिकार सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला का होगा।
11. किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड के पास सुरक्षित रहेगा।

सचिव